# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

## सोमवार, 31 अगस्त, 2026/09, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 2**

----

### आवास आबंटन

***3733 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में आवास आबंटन समिति की कुल कितनी बैठकें हुईं तथा कितने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को मैरिट के आधार पर आवास आंबटित किए गए; नाम सहित विभागवार ब्यौरा दें;

(ख) जिन विभागों/बोर्डों/ निगमों के पास अपने आवासीय पूल हैं तथा वे टूटने के कगार पर हैं; क्या सरकार उन्हें सामान्य पूल में सम्मिलित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें;

(ग) ऐसे कितने अधिकारी तथा कर्मचारी हैं जिन्होंने प्रदेश में दो अथवा दो से अधिक स्थानों पर सरकारी आवास आंबटित करवाए हैं; नाम व पदनाम सहित ब्यौरा दें; और

(घ) ऐसे कितने सेवानिवृत्त अधिकारी हैं,जिन्हें सरकार द्वारा सेवानिवृत्ति उपरान्त अन्य पदों पर पुनर्नियुक्तियां प्रदान की गई हैं परन्तु उनके द्वारा पूर्व में उनकी पात्रता अनुसार

आबंटित आवास को खाली नहीं किया गया है; नाम सहित ब्यौरा दें?

----

## योजनाएं

***4042 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत कौन-कौन से कार्य चल रहे हैं; योजनाओं के नाम तथा स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा दें;

(ख) इन योजनाओं के अंतर्गत अब तक कितनी धनराशि व्यय हुई तथा कितनी शेष है; कितना कार्य पूर्ण हो चुका है व कितना शेष है; ब्यौरा दें; और

(ग) किन-किन ठेकेदारों को कौन-कौन से कार्य आबंटित किए गए; ब्यौरा आबंटित धनराशि सहित दें?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**
**26 अगस्त, 2026.** **सचिव**